**रेलवे बोर्ड : रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए सुनहरा अवसर**

# रेलवे रिक्रूटमेंट सेल : वेस्ट सेंट्रल रेलवे में अप्रेंटिस के 3317 पदों पर बहाली होगी



**लास्ट डेट 4 सितंबर 2024**




रेलवे रिक्रूटमेंट सेल की ओर से वेस्ट सेंट्रल रेलवे में अप्रेंटिस के 3317 पदों पर भर्ती निकाली गई है। जेबीपी डिवीजन में 1262 पद, बीपीएल श्रेणी में 824 पद, कोटा डिवीजन में 832 पद, सीआरडब्ल्यूस बीपीएल में 175 पद, डब्लूआरएस कोटा में 196 पद, मुख्यालय/जेबीपी में 28 पदों पर भर्ती होगी। उम्मीदवार ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट wcr. indianrailways. gov.in पर जाकर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## शैक्षणिक योग्यता

संबंधित क्षेत्र में 10वीं, 12वीं या इसके समकक्ष परीक्षा पास की हो। NCVT/ SCVT द्वारा अधिसूचित ट्रेड में राष्ट्रीय ट्रेड सर्टिफिकेट प्राप्त की हो।

## आवेदन शुल्क

आवेदन करने के लिए 141 रुपए फीस का भुगतान करना होगा। एससी, एसटी, पीएच और महिला उम्मीदवारों के लिए फीस 41 रुपए है।

## आयु सीमा

उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 15 वर्ष और अधिकतम आयु 24 वर्ष तय की गई है। आरक्षित श्रेणी से आने वाले उम्मीदवारों को नियमानुसार छूट दी जाएगी।

## कैसे करें आवेदन

ऑफिशियल वेबसाइट wcr. indianrailways.gov.in पर जाएं। होम पेज पर न्यू रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करके अपना ट्रेड चुने। मांगी गई डिटेल्स भरकर रजिस्ट्रेशन करें। क्लियर हेयर टू लॉग इन लिंक पर क्लिक करके अन्य डिटेल्स दर्ज करें। फीस जमा करके फॉर्म सबमिट करें। इसका प्रिंटआउट लेकर रखें।

**चयन प्रक्रिया** उम्मीदवारों का चयन मेरिट के आधार पर होगा।

दैनिक भास्कर लक्ष्य 12-08-2024

शिक्षा विभाग राजस्थान टेलीग्राम चैनल जॉइन करें

**भारतीय नर्सिंग काउंसिल** या राज्य नर्सिंग काउंसिल के मान्यता प्राप्त संस्थान या यूनिवर्सिटी से बैचलर ऑफ साइंस योग्य होंगे

# एम्स में नर्सिंग ऑफिसर भर्ती सामान्य पात्रता परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू



**लास्ट डेट 21 अगस्त 2024**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती सामान्य पात्रता परीक्षा( NORCET )के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है। उम्मीदवार वेबसाइट alimsexams.ac.in से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## शैक्षणिक योग्यता

भारतीय नर्सिंग काउंसिल या राज्य नर्सिंग काउंसिल के मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से बैचलर ऑफ साइंस (बीएससी ऑनर्स) नर्सिंग या बैचलर ऑफ़ साइंस (बीएससी) नर्सिंग, या भारतीय नर्सिंग परिषद या राज्य नर्सिंग परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से बीएससी (पोस्ट सर्टिफिकेट) या पोस्ट बेसिक बैचलर ऑफ साइंस (बीएससी) नर्सिंग। उम्मीदवारों को राज्य या भारतीय नर्सिंग परिषद के साथ नर्स और मिडवाइव्स के रूप में रजिस्टर्ड होना चाहिए।



## आयु सीमा

उम्मीदवारों की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। संबंधित संस्थानों /अस्पतालों के भारतीय नियमों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी।

## आवेदन शुल्क

सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) :3000 रुपया,अनुसूचित जाति (एससी) अनुसूचित जनजाति (एसटी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ईडब्ल्यूएस :2400 रुपए, विकलांगों (पीडब्लूयूडी) के लिए: निशुल्क।

## कैसे करें आवेदन

ऑफिशियल वेबसाइट aiimsexams.ac.in पर जाएं। होम पेज पर important announcements में Nursing Officer Recruitment Common Eligibility Test( NORCET-6 ) पर क्लिक करें। नए पेज पर न्यू रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करके रजिस्ट्रेशन कर लें। रजिस्ट्रेशन होने के बाद लॉगों के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। एप्लीकेशन फीस जमा करें। फॉर्म का एक प्रिंटआउट निकाल कर रख लें।

**चयन प्रक्रिया** उम्मीदवारों का प्रीलिम्स एग्जाम होगा उसके बाद उन्हें मेंस एग्जाम से गुजरना पड़ेगा। फिर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का काम होगा और सबसे आखिरी में उम्मीदवारों को मेडिकल एग्जाम देना होगा।

दैनिक भास्कर लक्ष्य 12-08-2024

लास्ट डेट • 26 अगस्त 2024

# कोलकाता हाई कोर्ट : लोअर डिवीजन क्लर्क के लिए वैकेंसी

**कोलकाता हाईकोर्ट की ओर से लोअर डिवीजन क्लर्क के 291 पदों पर भर्ती निकली गई है। उम्मीदवार कोलकाता हाईकोर्ट की ऑफिशियल वेबसाइट calcuttahighcourt.gov.in पर जाकर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।**



**शैक्षणिक योग्यता**: उम्मीदवारों ने वेस्ट बंगाल काउंसिल ऑफ हायर सेकेंडरी एजुकेशन या इसके समकक्ष 12वीं पास की होना। उम्मीदवारों को स्थानीय भाषा का ज्ञान होना चाहिए।

**आयु सीमा**: न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 40 वर्ष निर्धारित की गई है। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

**आवेदन शुल्क**: अन्य सभी वर्ग और सब कैटिगरी को 800 रुपए और एससी, एसटी (पश्चिम बंगाल के उम्मीदवार) को 400 रुपए आवेदन शुल्क देने होंगे।

**कैसे करें आवेदन** : ऑफिशियल वेबसाइट calcuttahighcourt.gov.in पर जाए अप्लाई ऑनलाइन बटन पर क्लिक कर जरूरी डिटेल्स दर्ज करें। रजिस्ट्रेशन करके लॉगिन करें। जरूरी डॉक्यूमेंट अपलोड कर फीस का भुगतान करके फॉर्म सबमिट करें।

**चयन प्रक्रिया**: उम्मीदवार सबसे पहले प्रीलिम्स एग्जाम देंगे। फिर उन्हें मेंस एग्जाम से गुजरना होगा। उसके बाद उम्मीदवारों का वाइवा होगा। इन तीनों के बेसिस पर फाइनल मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी।

लास्ट डेट • 12 सितंबर 2024

# MPPSC में लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग के 1085 पदों पर भर्ती होगी

**मेडिकल विशेषज्ञ: 239 पद, रेडियोलॉजी विशेषज्ञ: 38 पद, स्त्री रोग विशेषज्ञ: 207 पद, शिशु रोग विशेषज्ञ: 59 पद सर्जरी विशेषज्ञ: 267 पद, एनेस्थिसिया विशेषज्ञ : 75 पद कुल पदों की संख्या : 4085**



**शैक्षणिक योग्यता** : संबंधित मेडिकल फील्ड में डिप्लोमा डिग्री।

**आयु सीमा** : उम्मीदवारों की उम्र 21 से 45 साल तय की गई है। उम्र की गिनती जनवरी 2025 के आधार पर की जाएगी।

**आवेदन शुल्क** : मप्र के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, दिव्यांगजन-1000 रुपए, शेष सभी कैटेगरी, मप्र के बाहर के निवासी-2000 रुपए

**कैसे करें आवेदन** : एमपीपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट mppsc.mp.gov.in पर जाएं। "ऑनलाइन आवेदन करें" लिंक पर क्लिक करें। एक नया अकाउंट बनाएं। फॉर्म में जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें। फीस का भुगतान करें। फॉर्म का प्रिंटआउट लेकर रखें।

**चयन प्रक्रिया** : उम्मीदवारों का चयन इंटरव्यू बेसिस पर होगा। कंप्यूटर बेस्ट एग्जाम डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और मेडिकल एग्जाम देना होगा।

लक्ष्य 12-08-2024



# रेलवे में 1376 पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी, 17 से आवेदन

**रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड ने पारामेडिकल के 1376 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। यह भर्तियां डाइटिशियन, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, डेंटल हाइजीनिस्ट, ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट, स्पीच थेरेपिस्ट, ईसीजी टेक्निशियन, फील्ड वर्कर, ऑटो मेट्रिस्ट टेक्नीशियन, रेडियोग्राफर, टेक्नीशियन, लाइब्रेरी अस्सिटेंट पदों पर की जाएगी।**

**शैक्षणिक योग्यता** : संबंधित विषय में ग्रेजुएशन की डिग्री या डिप्लोमा होना चाहिए।

**आयु सीमा**: न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 43 वर्ष निर्धारित की गई है।

**आवेदन शुल्क** : उम्मीदवारों को 500 रुपए आवेदन शुल्क देना होगा।

**कैसे करें आवेदन**: उम्मीदवार 17 अगस्त से ऑफिशियल वेबसाइट rrbapply.gov.in पर जाकर कर सकेंगे।

**चयन प्रक्रिया**: सबसे पहले उम्मीदवार को सीबीटी मोड में परीक्षा देनी होगी। उसके बाद उनका डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन होगा और सबसे अंतिम में मेडिकल टेस्ट से गुजरना होगा।

**लास्ट डेट • 16 सितंबर 2024**



# एमपी में सब इंजीनियर सहित 283 पदों पर होगी बहाली

**मध्य प्रदेश एम्प्लॉय सिलेक्शन बोर्ड(MPESB) ने ग्रुप 3 सब इंजीनियर, टेक्नीशियन और अन्य 283 पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है।**

**शैक्षणिक योग्यता**: उम्मीदवारों के पास संबंधित ट्रेड में डिग्री या डिप्लोमा, आईटीआई का सर्टिफिकेट होना चाहिए।

**आयु सीमा**: न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 40 वर्ष निर्धारित की गई है। आरक्षित वर्गों के उम्मीदवारों को आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

**आवेदन शुल्क**: सामान्य वर्ग, अन्य राज्यों के उम्मीदवारों को 560 रुपए, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी को 310 रुपए आवेदन शुल्क देना होगा।

**कैसे करें आवेदन**: उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट esb.mp online.gov.in पर जाकर कर सकते हैं।

**चयन प्रक्रिया**: उम्मीदवारों का चयन रिटन एग्जाम के बेसिस पर होगा।

**लास्ट डेट • 19 अगस्त 2024**

**लास्ट डेट • 19 अगस्त 2024**

# कंसल्टेंट के 19 पदों पर बहाली करेगी स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया

**स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड ने कंसल्टेंट (मेडिकल विषयों में डॉक्टर) के 19 पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार सेल की ऑफिशियल वेबसाइट sail.co.in पर जाकर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।**

**शैक्षणिक योग्यता**: मेडिकल काउंसिल आफ इंडिया (MCI), या NMC या SMC या डेंटल कौंसिल ऑफ़ इंडिया में रजिस्टर्ड होना चाहिए।

**आयु सीमा** :अधिकतम आयु 69 वर्ष

**आवेदन शुल्क**: निःशुल्क

**कैसे करें आवेदन**: उम्मीदवार आवेदन फार्म की कॉपी सभी सही जानकारी के साथ भरकर और जरूरी डॉक्यूमेंट के साथ अटैच करके ईमेल आईडी (rectt.dsp@sail.in) पर भेज कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**चयन प्रक्रिया**: वॉक-इन इंटरव्यू के बेसिस पर।

**लास्ट डेट • 7 सितंबर 2024**

# GAIL ने जूनियर केमिस्ट सहित अन्य 391 पदों पर निकाली भर्ती

**भारत सरकार की महारत्न कंपनी GAIL लिमिटेड ने नॉन-एग्जीक्यूटिव कैडर में अलग-अलग ग्रेड के पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। ये भर्तियां केमिकल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रूमेंटेशन, सिविल, आधिकारिक भाषा, प्रयोगशाला, टेलीकॉम या टेलीमेट्री, फायर, बॉयर ऑपरेशंस, बिजनेस असिस्टेंट और फाइनांस एंड अकाउंट्स के पदों पर होनी है।**



**शैक्षणिक योग्यता** : मास्टर्स डिग्री, पीएचडी, इंजीनियरिंग में डिग्री, डिप्लोमा और वर्क एक्सपीरियंस होना चाहिए।

**आयु सीमा** : पोस्ट अनुसार निर्धारित की जाएगी।

**आवेदन शुल्क** : उम्मीदवारों को 50 रुपए आवेदन शुल्क देना होगा।

**कैसे करें आवेदन**: उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट gailonline.com पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

**चयन प्रक्रिया**: सीबीटी एग्जाम, ट्रेड टेस्ट या स्किल टेस्ट, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद मेडिकल एग्जाम पास करना होगा।

दैनिक भास्कर बीकानेर 12-08-2024

शिक्षा विभाग राजस्थान टेलीग्राम चैनल जॉइन करें

### प्री-डीएलएड : अब 13 अगस्त तक जमा होगी फीस

# 92% ने जमा कराई फीस शेष को दो दिन का मौका

बीकानेर | राज्य के डीएलएड कॉलेजों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी अब 13 अगस्त तक फीस जमा कर सकेंगे। वहीं रिपोर्टिंग 14 अगस्त तक करनी होगी। फीस जमा करने से शेष रहे 1917 अभ्यर्थियों को नोडल एजेंसी वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा ने दो दिन का समय और दिया है। पूर्व में फीस जमा करने की अंतिम तिथि 11 अगस्त और कॉलेजों में रिपोर्टिंग 12 अगस्त तक करनी थी। प्री-डीएलएड परीक्षा में उत्तीर्ण हुए 24117 अभ्यर्थियों को ऑनलाइन विकल्प और मेरिट के आधार पर नोडल एजेंसी ने डीएलएड कॉलेजों में सीट आवंटित कर दी है। इनमें से 92% अभ्यर्थी यानी 22200 ने निर्धारित अवधि तक 13555 रुपए फीस जमा कर दी है। शेष रहे 8 फीसदी अभ्यर्थियों को नोडल एजेंसी ने 13 अगस्त तक का समय दिया है। सह-समन्वयक संदीप हुड्डा ने बताया कि अभ्यर्थी अपनी आवंटित कैटेगरी एवं मूल कैटेगरी को ध्यान पूर्वक देखकर ही फीस जमा करे एवं वांछित दस्तावेजों के साथ आवंटित अध्यापक शिक्षा संस्थान में रिपोर्टिंग करें। अपवर्ड मूवमेंट के लिए पोर्टल 14 अगस्त से 16 अगस्त 2024 तक खोला जाएगा। अपवर्ड मूवमेंट के बाद परिणाम की घोषणा 19 अगस्त को घोषित की जाएगी। आवंटित संस्थानों में रिपोर्टिंग की 20 से 22 अगस्त के बीच करनी होगी।

## अपवर्ड मूवमेंट 14 अगस्त से, इन बातों का रखें ध्यान

- केवल वह ही अभ्यर्थी जिन्होंने आवंटित कॉलेज में रिपोर्टिंग कर दी है, व अपनी प्रोविजनल प्रवेश स्लिप पोर्टल से प्राप्त कर ली है, अपवर्ड मूवमेंट के पात्र होंगे।
- अभ्यर्थी द्वारा दी गई समयावधि में पोर्टल पर उपलब्ध अपवर्ड मूवमेंट के लिंक पर ऑनलाइन आवेदन करना है।
- ऐसे अभ्यर्थी जिनको उनके द्वारा चुने गए प्रथम अध्यापक शिक्षा संस्थान में ही प्रवेश मिला है तब वह अपवर्ड मूवमेंट के पात्र नहीं होंगे।
- जिन अभ्यर्थियों ने केवल राजस्थान में कहीं भी पर, हां लिखा है एवं किसी भी अध्यापक शिक्षा संस्थान अथवा जिले का चुनाव नहीं किया है, वह अपवर्ड मूवमेंट के पात्र नहीं है।

*प्री- डीएलएड परीक्षा के बाद ऑनलाइन काउंसलिंग में शामिल हुए 24117 अभ्यर्थियों को कॉलेजों का आवंटन किया गया था। जिसमें से 22200 अभ्यर्थी फीस जमा करवा चुके हैं। शेष रहे अभ्यर्थियों को 13 अगस्त तक अवसर दिया गया है। रिपोर्टिंग की अंतिम तिथि 14 अगस्त रहेगी।*

**डॉ.रवि गुप्ता,** समन्वयक, प्री-डीएलएड परीक्षा

दैनिक भास्कर
अजमेर 12-08-2024

# एलडीसी व जूनियर असिस्टेंट भर्ती परीक्षा: जीके में विज्ञान व भूगोल से संबंधित प्रश्नों ने बनाया संतुलन

## आसान प्रश्न पत्र से अभ्यर्थियों को मिली राहत, दूसरी शिफ्ट में मॉडरेट रहा पेपर

एजुकेशन रिपोर्टर | अजमेर

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से रविवार को एलडीसी और जूनियर असिस्टेंट पदों के लिए दो शिफ्ट में परीक्षा ली गई। अजमेर में 27 सेंटर बनाए गए थे। सुबह की शिफ्ट में सामान्य ज्ञान और दोपहर की शिफ्ट में भाषा संबंधित पेपर हुआ। शिक्षाविद अरविंद तिवारी के मुताबिक जीके के 150 सवालों के इस पेपर में विज्ञान और भूगोल से संबंधित प्रश्नों ने स्टैंडर्ड को संतुलित बनाया। इतिहास व संविधान के प्रश्न आसान रहे। जिन अभ्यर्थियों ने 80 प्रतिशत तक भी तैयारी की होगी तो वे अच्छा स्कोर कर सकेंगे।



अरबिंद तिवारी

**हर गलत उत्तर पर कटेगा अंक का1/3 हिस्सा** | कर्मचारी चयन बोर्ड भी 5वां विकल्प देने लगा है। हर गलत उत्तर पर अंक का 1/3 हिस्सा कटेगा। उत्तर नहीं देने पर और पांचवें विकल्प में भी गोला नहीं लगाने पर भी माइनस मार्किंग हो जाएगी।



एलडीसी व जूनियर असिस्टेंट परीक्षा देकर लौटते अभ्यर्थी।

## इतिहास और संविधान से जुड़े प्रश्न रहे आसान

शिक्षाविद अरविंद तिवारी के मुताबिक पेपर संतुलित रहा।। विज्ञान और भूगोल से जुड़े कथन व सूची मिलान के प्रश्न विशेष रूप से महत्वपूर्ण थे। गणित के प्रश्नों में कुछ जटिलता थी। अच्छी तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को ही स्कोर करने का मौका मिलेगा। वहीं संविधान और इतिहास से संबंधित प्रश्न अपेक्षाकृत सरल थे। राजस्थान सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नों की संख्या कम थी। जो संभवतः क्षेत्रीय जीके के महत्व को थोड़ा कम करता है। ज्यादातर प्रश्न एनसीआरटी आधारित थे। तिवारी के अनुसार भाषा आधारित दूसरा पेपर मॉडरेट रहा है। इसके प्रश्न उच्चस्तरीय रहे। कुछ एक प्रश्न आसान श्रेणी में रखे जा सकते हैं लेकिन ओवरऑल यह पेपर मॉडरेट ही रहा है।

**दूसरी शिफ्ट में 0.31 प्रतिशत घटी उपस्थिति** | अजमेर के 27 सेंटरों हुई परीक्षा की दोनों शिफ्ट में 8298-8298 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड थे। जिन्होंने पहली शिफ्ट में परीक्षा दी वह दूसरी शिफ्ट में भी शामिल हुए। लेकिन दूसरी शिफ्ट में गैरहाजिर रहने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 0.31 प्रतिशत तक घट गई। सुबह की शिफ्ट में 5984 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। 2314 गैरहाजिर रहे। कुल 72.11 प्रतिशत उपस्थिति रही। दूसरी शिफ्ट में 5958 अभ्यर्थी ही परीक्षा देने पहुंचे। 2340 गैरहाजिर रहे। उपस्थिति 71.8 प्रतिशत रही।

दैनिक भास्कर अजमेर 12-08-2024

## एमडीएसयू : ऑनलाइन आवेदन की तारीख बीती, फीस 14 तक जमा होगी

अजमेर | एमडीएस यूनिवर्सिटी में संचालित विभिन्न कोर्सेज में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की आखिरी तारीख रविवार को समाप्त हो गई। मेरिट के आधार पर प्रवेश के लिए चयनित स्टूडेंट्स को अपनी फीस ऑनलाइन मोड पर 14 तक जमा करानी होगी। एसएफएस कोर्सेज में विभाग स्तर पर भी फीस जमा कराने के लिए दिशा निर्देश उपलब्ध कराए गए हैं। कई विभागों में सीटें खाली ही रह गई हैं। एमडीएसयू दो बार तारीख बढ़ा चुकी है। अभी भी इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, जनसंख्या अध्ययन, वैदिक वांग्मय जैसे कई कोर्स हैं जिनमें आवेदन नहीं के बराबर आए हैं।

## आरबीएसई: 10वीं और 12वीं की पूरक परीक्षाएं आज से 14 अगस्त तक होंगी

अजमेर | राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षाओं की पूरक परीक्षाएं सोमवार से शुरू होने जा रही हैं और 14 तक चलेंगी। परीक्षा का समय सुबह 8:30 से 11:45 तक रहेगा। बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि पूरक परीक्षाओं में इस बार 38 हजार से अधिक विद्यार्थी बैठ रहे हैं। बोर्ड सचिव ने बताया कि जयपुर के सेंटरों पर भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा होगी। जयपुर से किसी भी स्कूल ने केंद्र परिवर्तन के लिए भी नहीं लिखा है।

**दैनिक भास्कर** अजमेर 12-08-2024

मिशन एडमिशन • अजमेर में 7347 बच्चों ने कम प्रवेश लिया, प्रवेशोत्सव का दूसरा चरण 16 तक, तारीख बढ़वाने को लिखेंगे

# सरकारी स्कूलों में इस बार पहली कक्षा में 2.27 लाख बच्चों का घटा प्रवेश; आयु सीमा 6 साल और आरटीई से बच्चों की शिफ्टिंग बड़ा कारण

आरिफ कुरैशी | अजमेर

डेढ़ महीने से चलाए जा रहे प्रवेशोत्सव के बावजूद प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा में एडमिशन नहीं हो रहे। अब तक 3.22 लाख स्टूडेंट्स ने ही पहली कक्षा में प्रवेश लिया है जो पिछले साल से 2.27 लाख कम है। अजमेर में भी पिछले साल की तुलना में 7347 बच्चों का गैप है। इसका प्रमुख कारण आयु सीमा बढ़ने और प्राइवेट स्कूलों में एडमिशन को बताया जा रहा है। नई सरकार के कार्यकाल में पहली बार सरकारी स्कूलों में एडमिशन हो रहे हैं। पहली क्लास में बच्चों के नहीं आने से सरकार भी चिंतित है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा निदेशालय ने भी नामांकन बढ़ाने को लेकर विभिन्न सुझाव स्कूलों को दिए हैं। प्रवेशोत्सव का दूसरा चरण पूरा होने में अब गिनती के दिन ही शेष हैं। ऐसे में स्कूल भी परेशान हैं कि बच्चे लाएं कहां से।

## भास्कर इनसाइट • महात्मा गांधी स्कूलों में भी प्रवेश का बुरा हाल, आधी सीटें रह गईं खाली

**एमजी स्कूल रामनगर में 50 सीटें, नामांकन 25 भी नहीं** | राजकीय महात्मा गांधी स्कूल रामनगर में पहली कक्षा के लिए 50 सीटें हैं। अभी तक 25 ही भरी हैं। प्राचार्य रचना शेखावत ने बताया कि टीचर्स, बच्चों को भी कहा जा रहा है कि जो बच्चे एडमिशन लेना चाहें, उन्हें लेकर आएं।

**राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोटड़ा में हुए मात्र 4 एडमिशन** | कोटड़ा स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में इस बार अब तक मात्र 4 एडमिशन ही हुए हैं। अनुपम माथुर ने बताया कि पास में अन्य स्कूलों में भी पहली कक्षा होने से संभवतया बच्चों ने वहां एडमिशन ले लिया है।

**एमजी स्कूल चौरसियावास में 19 प्रवेश** | राजकीय महात्मा गांधी स्कूल चौरसियावास के प्राचार्य गोविंद भारद्वाज ने बताया कि पहली कक्षा के लिए 30 सीटें हैं, 19 ही भरी हैं। निदेशालय के आदेश हैं कि यदि एडमिशन अधिक हो रहे हैं तो सीट बढ़ा सकते हैं, पर सीटें खाली हैं।

### अजमेर सहित प्रदेश के सभी बड़े जिलों में प्रवेश कम हुआ

| जिला | नामांकन | गैप |
|---|---|---|
| जोधपुर | 14532 | 14028 |
| अजमेर | 10178 | 7347 |
| बीकानेर | 10275 | 7171 |
| जयपुर | 14108 | 7731 |
| कोटा | 5812, | 2940 |
| सीकर | 7922 | 4098 |
| भरतपुर | 10636 | 7885 |
| उदयपुर | 21050 | 15748 |

### अब तक 5 साल थी आयु सीमा

**आयु सीमा बड़ी बाधा** | पिछले साल तक 5 साल प्लस तक के बच्चों को सरकारी स्कूलों में एडमिशन मिल जाता था। इस बार सरकार ने 6 साल से अधिक उम्र के बच्चों को ही प्रथम क्लास में एडमिशन देने का फैसला किया है। इसका भी बड़ा असर पड़ा है।

**बाकी जिलों में भी स्थिति खराब** | जैसलमेर, बाड़मेर, झालावाड़, गंगानगर, जालोर, सिरोही, धौलपुर, टोंक, भीलवाड़ा, बूंदी, सवाई माधोपुर, बांसवाड़ा, करौली, चित्तौड़गढ़, अलवर, राजसमंद, दौसा, चूरू, प्रतापगढ़, बारां, डूंगरपुर, हनुमानगढ़ और झुंझुनूं में भी स्थिति अच्छी नहीं है।

### निदेशालय की हिदायत, ये कदम उठाओ

- अपने जिले का डेटा देखें, सीबीईओज के साथ उन विद्यालयों के पीईईओ और यूसीईईओ से संपर्क करें जहां सबसे ज्यादा रिडक्शन हुआ है।
- डिवीजन, डिस्ट्रिक्ट और ब्लॉक ऑफिस के प्रत्येक ऑफिसर को 10 स्कूल की जिम्मेदारी दें।
- अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को सराहें। विद्यालय स्तर के आंगनबाड़ी केंद्र से को-ऑर्डिनेट करें।
- आंगनबाड़ी केंद्र से 6 साल के बच्चों की सूची लें और उनके माता-पिता से बात करें।
- विद्यालयों का रियल टाइम डेटा अपडेट करने को कहें।

### अफसर आरटीई, ऑनलाइन डॉक्यूमेंटेशन पर दोष मढ़ रहे

- आरटीई के तहत बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने प्राइवेट स्कूल में एडमिशन ले लिया।
- प्राइवेट स्कूलों में सरकारी स्कूलों की तुलना में छोटी कक्षा में बच्चे अधिक पहुंचे।
- सरकारी स्कूलों में एडमिशन के लिए आवश्यक दस्तावेज पूरे नहीं होने के कारण उनका ऑनलाइन एनरोलमेंट बाकी।
- ऑनलाइन डॉक्यूमेंटेशन बाकी होने की वजह से एनरोलमेंट कम शो हो रहा है।

### डेट बढ़ाने को लिखेंगे पत्र: सीडीईओ

*पहली कक्षा में अपेक्षित एनरोलमेंट सरकारी स्कूलों में अभी नहीं हो पाया है। प्रवेशोत्सव के द्वितीय चरण के पूरा होने की 16 अगस्त लास्ट डेट है। कोशिश पूरी की जा रही है गैप पूरा हो जाए। प्रवेशोत्सव की डेट बढ़ाने के लिए निदेशक को पत्र लिखेंगे।*

**-अनिल कुमार जोशी,** सीडीईओ, अजमेर।

दैनिक भास्कर अजमेर 12-08-2024

# आरपीएससी: सांख्यिकी अधिकारी के 43 पदों के आवेदन आज से लेंगे

## आवेदन 10 सितंबर तक, ऑफलाइन स्वीकार नहीं

एजुकेशन रिपोर्टर | अजमेर

सहायक सांख्यिकी अधिकारी के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन से आवेदन शुरू होंगे। आरपीएससी ने 43 पदों के लिए भर्ती निकाली है जिसके तहत ऑनलाइन आवेदन 12 अगस्त से 10 सितंबर तक किए जाएंगे। दो दिन बाद यानी 14 अगस्त से एईएन के पदों के लिए होने वाली भर्ती के आवेदन शुरू होंगे। इसके आवेदन करने की आखिरी तारीख 12 सितंबर है।

आरपीएससी के सचिव रामनिवास मेहता के मुताबिक अभ्यर्थी ऑन लाइन आवेदन करने से पहले आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश जरूर पढ़ लें। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया और अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर अपलोड है। आवेदन ऑफ लाइन नहीं किए जा सकते हैं।

दैनिक भास्कर
सीकर भास्कर 12-08-2024

# रेलवे में भर्ती के आवेदन 4 सितंबर तक

सीकर | वेस्टर्न सेंट्रल रेलवे में तकनीकी कर्मचारियों के 3317 पदों पर भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नोटिफिकेशन के मुताबिक भर्ती में 10वीं 12वीं पास अभ्यर्थी 4 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। भर्ती में शामिल होने वाले अभ्यर्थी की आयु 15 से 24 वर्ष तय की गई है। आयु में नियमानुसार छूट का फायदा भी दिया जाएगा।

# बोर्ड की सप्लीमेंट्री परीक्षाएं आज से

सीकर | राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की पूरक परीक्षाएं सोमवार से शुरू होंगी। पिछले साल की तुलना में इस बार करीब 18 हजार स्टूडेंट्स कम बैठेंगे। पिछले साल 10वीं व 12वीं तथा समकक्ष कक्षाओं की पूरक परीक्षा में 56 हजार से अधिक स्टूडेंट्स बैठे थे। इस बार संख्या 38152 ही रह गई है। इनमें कक्षा 12वीं व वरिष्ठ उपाध्याय के लिए 7685 तथा 10वीं व प्रवेशिका के लिए 30467 विद्यार्थी हैं। प्रदेश के 50 जिलों में 167 सेंटर पर पूरक परीक्षा का आयोजन होगा।

**लास्ट डेट • 27 अगस्त 2024**

# हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन ने 2424 पदों के लिए भर्ती निकाली

हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन ने 2424 पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट hpsc.gov.in पर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



**शैक्षणिक योग्यता**: किसी भी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी, संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री। दसवीं तक हिंदी संस्कृत की पढ़ाई की हो। उम्मीदवारों का UGC NET/ SLET/ SET एग्जाम क्वालीफाई होना जरूरी है।

**आयु सीमा**: न्यूनतम 21 वर्ष और अधिकतम 42 वर्ष निर्धारित की गई है। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को नियमानुसार ऊपरी आयु में छूट दी जाएगी।

**आवेदन शुल्क**: सामान्य वर्ग को 1000रुपए और हरियाणा के रिजर्व कैटिगरी, सभी वर्ग की महिला को 250 रुपए देने होंगे। दिव्यांग के लिए निः शुल्क है।

**कैसे करें आवेदन**: ऑफिशियल वेबसाइट hpsc.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

**चयन प्रक्रिया**: उम्मीदवारों का स्क्रीनिंग टेस्ट होगा। उसके बाद उनका सब्जेक्ट नॉलेज टेस्ट लिया जाएगा। फिर उनका इंटरव्यू होगा।

**लास्ट डेट • 19 अगस्त 2024**

# JSCC की ओर से झारखंड फील्ड वर्कर के 510 पदों पर भर्ती निकली

सामान्य: 230 पद, अजा :133 पद, अजजा: 44 पद, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग :45 पद, पिछड़ा वर्ग: 7 पद, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग :51, पद, कुल पद: 510




**शैक्षणिक योग्यता**: मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से न्यूनतम दसवीं कक्षा पास होना चाहिए

**आयु सीमा**: न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम 35 वर्ष, आरक्षित वर्ग से आने वाले उम्मीदवारों को आयु सीमा में छूट दी जाएगी। आयु की गिनती 1 अगस्त 2024 के अनुसार की जाएगी।

**आवेदन शुल्क**: उम्मीदवारों को 100 फीस का भुगतान करना होगा। एससी/ एसटी के लिए फीस 50 है।

**कैसे करें आवेदन**: जीएसएससी की ऑफिशियल वेबसाइट jssc.nic.in पर जाए। होम पेज पर दिए गए Application Forms (Apply) पर क्लिक करें। अब आवेदन करने के लिंक पर क्लिक करें। रजिस्ट्रेशन करके डॉक्यूमेंट अपलोड करें। फीस जमा कर दें और फॉर्म सबमिट कर दें।

**चयन प्रक्रिया**: सबसे पहले उम्मीदवारों को प्रीलिम्स एग्जाम देना होगा। और उसके बाद उन्हें मेंस एग्जाम से गुजरना होगा।

# राजस्थान लोक सेवा आयोग के 1057 पदों के लिए 14 से आवेदन

**लास्ट डेट : 10 सितंबर 2024**



**राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) राजस्थान राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में सिविल और मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल में असिस्टेंट इंजीनियर की 1057 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है।**

**शैक्षणिक योग्यता** : अस्सिटेंट इंजीनियर पदो से संबंधित ब्रांच में बीई, बीटेक की डिग्री। असिस्टेंट स्टेटिस्टिकल ऑफिसर के लिए मैथ्स या स्टैटिसटिक्स या कॉमर्स में मास्टर्स डिग्री कम से कम सेकंड क्लास की पास की हो।

**आयु सीमा** : उम्मीदवारों की आयु 1 जनवरी 2025 को 21 वर्ष से कम और 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अधिकतम आयु सीमा में राज्य के आरक्षित वर्गों के उम्मीदवारों को छूट दी जाएगी।

**आवेदन शुल्क** : सामान्य व अन्य राज्यों के उम्मीदवारों को 600 रुपए, ओबीसी , बीसी और एसएससी, एस्टी को 400 रुपए देने होंगे।

**कैसे करें आवेदन** : ऑफिशियल वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर जाकर। वन टाइम रजिस्ट्रेशन करें। लॉगिन करके रिक्रूटमेंट पोर्टल पर जाएं। फीस का भुगतान करके फॉर्म सबमिट करें।

**चयन प्रक्रिया** : अस्सिटेंट इंजीनियर के उम्मीदवारों को सबसे पहले प्री उसके बाद मेंस और अंत में इंटरव्यू से देना होगा। अस्सिटेंट स्टैटिसटिकल ऑफिसर के उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा पास करना होगा।

पीजी अंग्रेजी अनिवार्य

# SSC की ओर से जेएचटी के 312 पदों पर भर्ती की जाएगी

**लास्ट डेट: 25 अगस्त 2024**

**SSC की ओर से जेएचटी के 312 पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट ssc.gov.in पर जाकर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।**

**शैक्षणिक योग्यता**: पदानुसार मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से हिंदी या अंग्रेजी में मास्टर डिग्री या हिंदी विषय (अनिवार्य) के साथ अंग्रेजी मीडियम में मास्टर डिग्री। उम्मीदवारों के पास हिंदी-अंग्रेजी ट्रांसलेशन डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स और पद अनुसार दो-तीन वर्षों का अनुभव होना चाहिए।

**आयु सीमा**: 18 से 30 वर्ष के बीच

**आवेदन शुल्क**: निःशुल्क

**कैसे करें आवेदन**: एसएससी की ऑफिशियल वेबसाइट ssc.gov.in पर जाएं। रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड के साथ लॉगिन करें। यदि आपने OTR रजिस्ट्रेशन नहीं किया है तो पहले रजिस्ट्रेशन करें। लॉगिन करने के बाद अप्लाई ऑनलाइन बटन पर क्लिक करें। अपना फोटोग्राफ और सिग्नेचर मांगे गए साइज और फॉर्मेट में अपलोड करें। फॉर्म सब्मिट करें। इसका प्रिंटआउट लेकर रखें।

**चयन प्रक्रिया**: टियर-1, टियर-2 फिर उसके बाद डॉक्युमेंट वेरीफिकेशन होगा और अंत में उम्मीदवारों को मेडिकल एग्जाम से गुजरना होगा।

**कक्षा एक में गत सत्र के मुकाबले करीब सवा दो लाख कम हुआ अबतक नामांकन**

# सरकारी स्कूलों के नामांकन में ठहराव सुधारों के बावजूद नहीं बदल रही तस्वीर

पत्रिका
डे-स्पेशल
मंडे मेगा स्टोरी

पत्रिका नितिन भाल
patrika.com

**चित्तौड़गढ़.** प्रदेश में शिक्षा विभाग और राज्य सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद सरकारी स्कूलों में छात्रों के नामांकन में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। इस वर्ष कक्षा 1 में नामांकन में करीब 41 प्रतिशत की कमी आई है, जो राज्य के शिक्षा तंत्र के लिए एक गंभीर संकट का संकेत है। गत वर्ष की नामांकन संख्या तक पहुंचने के लिए अब भी कक्षा एक में 2.27 लाख बच्चों का नामांकन करना होगा। नामांकन में कमी शिक्षा की बुनियादी अवस्था में छात्रों की भागीदारी के स्तर को दर्शाती है। इस साल प्रदेश में कक्षा 1 से 12 तक के कुल नामांकन की संख्या 77.36 लाख है, जो पिछले साल के मुकाबले 3.95 लाख कम है। इस कमी ने राज्य के शिक्षा अधिकारियों और नीति-निर्माताओं के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। यह आंकड़ा शिक्षा विभाग की योजनाओं और प्रयासों की प्रभावशीलता पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। सरकारी स्कूलों में नामांकन में गिरावट के पीछे कई कारण हैं, जिनमें संसाधनों की कमी, जर्जर इमारतें और विषय अध्यापकों का अभाव प्रमुख हैं।



यह चित्र एआइ तकनीक से निर्मित है।

### ग्रामीण इलाकों में स्थिति और भी खराब

प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में सरकारी स्कूलों की स्थिति और भी खराब है। यहां पर स्कूलों की इमारतें जर्जर हैं, शिक्षकों की भारी कमी है और बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। वहीं, गरीब परिवार बच्चों को स्कूल भेजने के बजाय काम पर भेजने के लिए मजबूर होते हैं, ताकि वे आजीविका चला सकें।

### सरकारी प्रयास नहीं हो रहे कारगर

राज्य सरकार और शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। इनमें मुफ्त पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म, और मिड-डे मील योजना शामिल हैं। इसके अलावा, कुछ जिलों में स्कूलों के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए प्रयास भी किए गए हैं। हालांकि, नामांकन बढ़ाने की दिशा यह नाकाफी साबित हो रहा है।

### जोधपुर और जैसलमेर में कम नामांकन

कक्षा एक में नामांकन कराने में जोधपुर और जैसलमेर में गत सत्र के मुकाबले सर्वाधिक अंतर है। दोनों जिलों में गत सत्र के मुकाबले 49 फीसदी कम नामांकन हुआ है। सबसे कम अंतर झुंझुनूं जिले में है। यहां गत सत्र के मुकाबले 32 फीसदी अंतर है।

### शुरू ही नहीं किया सर्वे

प्रवेशोत्सव के तहत अनामांकित बच्चों का सर्वे किया जाना था। हालात यह हैं कि प्रदेश में 46 फीसदी स्कूलों और 10 फीसदी पंचायतों ने सर्वे शुरू ही नहीं किया है। सर्वाधिक बांसवाड़ा के 80 फीसदी स्कूलों ने और 38 फीसदी पंचायतों ने यह सर्वे शुरू नहीं किया है।

### बढ़े अभिभावकों और समुदाय की भागीदारी

शिक्षा विभाग को अभिभावकों और समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रयास करने चाहिए। सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार के लिए समुदाय के साथ मिलकर काम करना आवश्यक है।

### इनका कहना है

समूचे प्रदेश में ही नामांकन में कमी आई है। हालांकि, चित्तौड़गढ़ का प्रदर्शन राज्य औसत से बेहतर है। नामांकन बढ़ाने के और प्रयास किए जाएंगे।

**प्रमोद कुमार दशोरा,**
सीडीईओ, चित्तौड़गढ़

### जिले में 2643 बैठेंगे

# 87 हजार से अधिक शिक्षक देंगे महात्मा गांधी स्कूलों में पदस्थापन के लिए परीक्षा

पत्रिका
पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**झालावाड़.** राज्य में 3 हजार 700 से ज्यादा राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पदस्थापन को लेकर शिक्षा विभाग की ओर से कवायद तेज कर दी गई है। इसके लिए राज्य के सरकारी स्कूलों में पदस्थापित हिंदी माध्यम के शिक्षकों की चयन परीक्षा होगी। इसके लिए राज्य से 87 हजार 785 शिक्षकों ने शाला दर्पण के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया है। प्रारंभिक शिक्षा विभाग के निदेशक सीताराम जाट ने इस संबंध में निर्देश जारी कर राज्य स्तर पर परीक्षा के आयोजन के लिए पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं बीकानेर तथा जिला स्तर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जबकि संबंधित जिले के डाइट प्राचार्य को सह जिला नोडल अधिकारी बनाया गया है।

गौरतलब है कि इस परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर दूर-दराज क्षेत्र में नियुक्त शिक्षकों, वरिष्ठ अध्यापकों, व्याख्याताओं व प्रधानाचार्य आदि को गृह जिले या निकटतम महात्मा गांधी स्कूलों में पदस्थापन का अवसर मिलेगा। जिले में 26 महात्मा गांधी व 4 मॉडल स्कूलों में करीब 2643 शिक्षकों व प्राचार्यों के लिए परीक्षा जल्द आयोजित करवाई जाएगी।

## प्रदेशभर में इतने आवेदन आए

राज्य में कुल 87 हजार 785 आवेदन प्राप्त हुए है। जिनमें 1198 प्राचार्य व 86 हजार 587 शिक्षक व अन्य शामिल हैं। वहीं झालावाड़ जिले में 10प्राचार्य, शिक्षक 2633 सहित कुल 2 हजार 643 परीक्षा देंगे। गौरतलब है कि राज्य में 3737 महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल व 134 स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कूलों में 17500 पदों के लिए परीक्षा होगी। पिछली बार अगस्त 2023 में इन स्कूलों के लिए हुई परीक्षा के लिए 48 हजार ही आवेदन आए थे।

### जिलेवार पदस्थान के लिए आवेदन करने वाले शिक्षक

| जिला | प्रिंसिपल समकक्ष | शिक्षक | अन्य | जिला | प्रिंसिपल समकक्ष | शिक्षक | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अजमेर | 17 | 3839 | 3856 | जैसलमेर | 08 | 2634 | 2642 |
| अलवर | 54 | 3512 | 3566 | जालौर | 03 | 3967 | 3970 |
| बांसवाड़ा | 05 | 837 | 842 | झालावाड़ | 10 | 2633 | 2643 |
| बारां | 25 | 1303 | 1328 | झुंझुनूं | 26 | 837 | 863 |
| बाड़मेर | 30 | 9534 | 9564 | जोधपुर | 78 | 6412 | 6490 |
| भरतपुर | 48 | 2480 | 2528 | करौली | 19 | 1574 | 1593 |
| भीलवाड़ा | 95 | 4832 | 4927 | कोटा | 18 | 1081 | 1099 |
| बीकानेर | 92 | 3625 | 3717 | नागौर | 76 | 3473 | 3549 |
| बूंदी | 23 | 1182 | 1205 | पाली | 34 | 3592 | 3626 |
| चित्तौड़गढ़ | 46 | 4175 | 4221 | प्रतापगढ़ | 12 | 710 | 722 |
| चूरू | 54 | 1731 | 1785 | राजसमंद | 82 | 4105 | 4187 |
| दौसा | 31 | 1242 | 1273 | सवाई माधोपुर | 15 | 1271 | 1286 |
| धौलपुर | 55 | 2050 | 2105 | सीकर | 17 | 1232 | 1249 |
| डूंगरपुर | 10 | 757 | 767 | सिरोही | 12 | 2016 | 2028 |
| गंगानगर | 45 | 1679 | 1724 | टोंक | 19 | 1157 | 1176 |
| हनुमानगढ़ | 18 | 787 | 805 | उदयपुर | 23 | 3701 | 3724 |
| जयपुर | 98 | 2627 | 2725 | **कुल** | **1198** | **86587** | **87785** |

जिले के महात्मागांधी स्कूलों में शिक्षकों के पदस्थापन के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी। करीब 26 सौ शिक्षक व 10 प्राचार्य ने आवेदन किया। इनकी परीक्षा झालावाड़ व झालरापाटन में जहां बोर्ड परीक्षा सेंटर रहते हैं उन स्कूलों में पारदर्शिता पूर्वक परीक्षा करवाई जाएगी। परीक्षा में सभी सरकारी वीक्षक की ही ड्यूटी लगाई जाएगी।

**प्रकाश चन्द सोनी,** सीडीईओ, झालावाड़।



# भारत सरकार / रेल मंत्रालय

## रेलवे भर्ती बोर्डस

## केंद्रीकृत रोजगार सूचना संख्या 04/2024

**पारामेडिकल श्रेणियों के विभिन्न पदों की भर्ती**

नीचे दी गई तालिका में पारामेडिकल श्रेणियों के विभिन्न पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 16.09.2024 है। आवेदन (सभी तरह से पूर्ण) केवल ऑनलाइन ही जमा किया जाना चाहिए।

**आवेदन आरंभ होने की तिथि :** 17.08.2024
**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :** 16.09.2024

| पद का नाम | 7वें सीपीसी के अनुसार पे लेवल | प्रारंभिक वेतन (₹) | चिकित्सा मानक | 01.01.2025 को आयु | कुल रिक्तियां (सभी आरआरबी) |
|---|---|---|---|---|---|
| डायटीशियन (लेवल 7) | 7 | 44900 | C2 | 18-36 | 05 |
| नर्सिंग अधीक्षक | 7 | 44900 | C1 | 20-43 | 713 |
| ऑडियोलॉजिस्ट और स्पीच थेरेपिस्ट | 6 | 35400 | B1 | 21-33 | 04 |
| क्लिनिकल साइकोलोजिस्ट | 6 | 35400 | B1 | 18-36 | 07 |
| डेंटल हाईजिनिस्ट | 6 | 35400 | C2 | 18-36 | 03 |
| डाईलायसिस तकनीशियन | 6 | 35400 | B1 | 20-36 | 20 |
| स्वास्थ्य एवं मलेरिया निरीक्षक ग्रेड III | 6 | 35400 | C1 | 18-36 | 126 |
| लेबोरेटरी अधीक्षक | 6 | 35400 | B1 | 18-36 | 27 |
| परफ्यूसिनिस्ट | 6 | 35400 | B1 | 21-43 | 02 |
| फिजियोथेरेपिस्ट ग्रेड II | 6 | 35400 | C1 | 18-36 | 20 |
| ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट | 6 | 35400 | C1 | 18-36 | 02 |
| कैथ लेबोरेटरी तकनीशियन | 6 | 35400 | B1 | 18-36 | 02 |
| फार्मासिस्ट (एंट्री ग्रेड) | 5 | 29200 | C2 | 20-38 | 246 |
| रेडियोग्राफर एक्स-रे तकनीशियन | 5 | 29200 | B1 | 19-36 | 64 |
| स्पीच थेरेपिस्ट | 5 | 29200 | B1 | 18-36 | 01 |
| कार्डियक तकनीशियन | 4 | 25500 | B1 | 18-36 | 04 |
| ऑप्टोमेट्रिस्ट | 4 | 25500 | B1 | 18-36 | 04 |
| ईसीजी तकनीशियन | 4 | 25500 | C1 | 18-36 | 13 |
| लेबोरेटरी सहायक ग्रेड II | 3 | 21700 | B1 | 18-36 | 94 |
| फिल्ड वर्कर | 2 | 19900 | C2 | 18-33 | 19 |
| | | | | कुल योग | 1376 |

**इसमें कोविड-19 महामारी के कारण एक बार के रूप में निर्धारित आयु सीमा से परे 3 वर्ष की छूट शामिल है"।**
कृपया विस्तृत जानकारी के लिए आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध सीईएन 04/2024 देखें।

### सीईएन 04/2024 में भाग लेने वाले आरआरबी की वेबसाइटें

| | | |
|---|---|---|
| अहमदाबाद<br>www.rrbahmedabad.gov.in | चेन्नई<br>www.rrbchennai.gov.in | मुजफ्फरपुर<br>www.rrbmuzaffarpur.gov.in |
| अजमेर<br>www.rrbajmer.gov.in | गोरखपुर<br>www.rrbgkp.gov.in | पटना<br>www.rrbpatna.gov.in |
| बेंगलुरु<br>www.rrbbnc.gov.in | गुवाहाटी<br>www.rrbguwahati.gov.in | प्रयागराज<br>www.rrbald.gov.in |
| भोपाल<br>www.rrbbhopal.gov.in | जम्मू-श्रीनगर<br>www.rrbjammu.nic.in | रांची<br>www.rrbranchi.gov.in |
| भुवनेश्वर<br>www.rrbbbs.gov.in | कोलकाता<br>www.rrbkolkata.gov.in | सिकंदराबाद<br>www.rrbsecunderabad.gov.in |
| बिलासपुर<br>www.rrbbilaspur.gov.in | मालदा<br>www.rrbmalda.gov.in | सिलीगुड़ी<br>www.rrbsiliguri.gov.in |
| चंडीगढ़<br>www.rrbcdg.gov.in | मुंबई<br>www.rrbmumbai.gov.in | तिरुवनन्तपुरम<br>www.rrbthiruvananthapuram.gov.in |

यह अधिसूचना पूर्णत सांकेतिक प्रकार का है। उम्मीदवारों को ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत सीईएन 04/2024 की पोस्ट पैरामीटर तालिका और रिक्ति तालिका को देखना आवश्यक है। उपरोक्त भर्ती से संबंधित कोई भी शुद्धि-पत्र समय/ परिशिष्ट/ महत्वपूर्ण सूचना समय पर केवल आरआरबी की उपरोक्त वेबसाइटों पर जारी की जाएगी।

No.RRB/PRYJ/Advt/CEN-03/2024
Notice No. 32/2024 Date : 12/08/2024

चेयरपर्सन्स
रेलवे भर्ती बोर्डस

**निजी संस्थानों में मजबूरी के मारे विद्यार्थी : बीएड प्रशिक्षुओं से फाइनल लेसन और वायवा के नाम पर भी अलग की मांग**

# निजी बीएड कॉलेज में प्रेक्टिकल के नाम मांगा अवैध शुल्क!


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


**बांसवाड़ा.** जिले के कुछ निजी शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों से बेजा वसूली का सिलसिला थम नहीं रहा। पहले मेतवाला के एक बीएड कॉलेज का मामला सामने आने के बाद अब घाटोल क्षेत्र में भी निजी संस्थान में ऐसी शिकायत आई है। यहां विद्यार्थियों से फाइनल लेसन के साथ वायवा और प्रैक्टिकल के नाम पर हजारों रुपए गलत तरीके से मांगने की शिकायत हुई है। इस पर गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय की कमेटी ने जांच शुरू कर दी है। हालांकि संस्थान प्रबंधन का कहना है कि किसी छात्र से कोई वसूली नहीं की गई। केवल एक संदेश सोशल मीडिया ग्रुप में गलत प्रसारित होने से शिकायत उठी। गौरतलब है कि मेतवाला के एक बीएड कॉलेज में उपस्थिति पूरी करने के नाम पर हजारों रुपए मांगे जाने का मामला सामने आया था, जबकि हाजिरी भेजने के बाद विश्वविद्यालय से परीक्षा प्रवेश-पत्र जारी हो चुका था। इसे नहीं देकर उलझाने पर मामला विश्वविद्यालय तक पहुंचा था, जिस पर जांच जारी है।

## यह है मामला

जीजीटीयू से संबद्ध सरस्वती शिक्षण संस्थान, उदाजी का गढ़ा के कॉलेज में गत 29-30 अप्रेल,2024 को छात्र-छात्राओं के प्रैक्टिकल एग्जाम थे। इसके लिए एक दिन पूर्व कॉलेज के वॉट्सएप ग्रुप में प्रबंधन ने संदेश भेजा कि छात्र-छात्राओं को सुबह 8 बजे फाइल के साथ प्रेक्टिकल की फीस 500 रुपए प्रति विषय लाकर उपस्थित होना है। इससे पहले 10 जुलाई को बीएड प्रशिक्षुओं को फाइनल लेसन और वायवा बुलाया गया। उसके लिए भी बाकायदा संदेश प्रसारित कर एक हजार रुपए बेजा मांगे गए।

## कॉलेज के ग्रुप में अतिरिक्त शुल्क के लिए भेजे संदेश

अतः प्रत्येक विद्यार्थी महाविद्यालय में सुबह **8:40 बजे पहुंच जाए** और प्रत्येक विद्यार्थी को **यूनिफॉर्म में आना अनिवार्य है ।**
**छात्राओं के लिए साड़ी अनिवार्य है।**
Lession &Viva फीस 1000/

प्रत्येक विद्यार्थी अपने साथ समस्त लेसन डाय
जरूर लेकर आए ।

## इम्तिहान निबटे तो दिखाई जागरुकता

नियमानुसार कॉलेज की फीस और जीजीटीयू की सेमेस्टर फीस जमा होने के बाद इस तरह के शुल्क थोपने का कोई प्रावधान ही नहीं है, लेकिन चूंकि आदेश हैं तो सत्र नहीं बिगड़े, इसलिए छात्र-छात्राओं की विवशता रही। फिर इम्तिहान निबटे को कुछ छात्रों ने जागरूकता दिखाई और बिंदास होकर जीजीटीयू प्रशासन को गोपनीय शिकायत कर दी। इससे यह कॉलेज भी जांच के दायरे में आ गया है।

## टीसी को लेकर हुआ था विवाद

इससे पहले जुलाई में इसी संस्थान के स्कूल में पढ़ रहे निचली मोरड़ी पंचायत क्षेत्र के एक छात्र और उसकी बहन की टीसी रोकने पर शिक्षा विभाग शिकायत गई थी। मां के निधन और पिता की स्थिति सही होने से दोनों बच्चे विधवा नानी पर आश्रित हैं। इनकी फीस देने में अक्षमता जाहिर कर नानी ने सरकारी स्कूल में दाखिले के लिए टीसी मांगी, तो पुरानी फीस को लेकर विवाद हुआ था। हालांकि बाद में इसे लेकर सीबीईओ घाटोल के निर्देश पर स्कूल प्रशासन ने दोनों की टीसी जारी कर दी।

## इनका कहना है...

जीजीटीयू के परीक्षाओं के दौर में किसी से गलत वसूली नहीं की। कॉलेज के ग्रुप में गलती से मैसेज चला गया। विश्वविद्यालय तक शिकायत गई है तो जांच से स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। टीसी का मामला पहले ही निस्तारित किया जा चुका है। **राहुल पारीख,** प्रबंधक, सरस्वती विद्या मंदिर शिक्षण संस्थान

## इनका कहना है...

संबंधित महाविद्यालय के विद्यार्थी की परिवेदना प्राप्त हुई है। विश्वविद्यालय सभी कॉलोजों को पूर्व में किसी भी प्रकार की नियम विरुद्ध फीस वसूली नहीं करने के लिए पाबंदी को लेकर आदेश जारी कर चुका है। नए प्रकरण पर जांच करवाकर आगे कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। - **डॉ. मनोज पंड्या** परीक्षा नियंत्रक, जीजीटीयू, बांसवाड़ा

# प्रोफेशनल लाइफ की शुरुआत कुछ ऐसे करें...

पहली जॉब को लेकर सभी लोग एक्साइटेड रहते हैं। आखिरकार, यह प्रोफेशनल लाइफ की शुरुआत होती है। एक अच्छी जॉब मिलना जितना चुनौतीपूर्ण होता है, उतना ही मुश्किल होता है उसमें स्थिर रहना और समय के साथ ग्रोथ करना। इसी से जुड़े महत्त्वपूर्ण टिप्स हम आपके लिए लेकर आए हैं। **आइए जानते हैं...**



- कॉन्ट्रैक्ट साइन करने से पहले सभी नियमों व पॉलिसीज को ध्यान से पढ़ें। इसी के साथ कंपनी की सोशल मीडिया पॉलिसी भी अवश्य चेक करनी चाहिए।
- सैलरी पैकेज एवं अन्य बेनेफिट्स (जैसे हैल्थ इंश्योरेंस, पेड लीव, बोनस आदि) को ध्यान से समझें।
- वर्क कल्चर कैसा है, यह जानना भी जरूरी है। अपने कॉन्टेक्ट्स से वहां का माहौल जानने की कोशिश करें।
- सैलरी रिव्यू और प्रमोशन के अवसरों के बारे में जानकारी लें। सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करें। यह जानना जरूरी है कि सैलरी रिव्यू प्रक्रिया कैसी है।
- प्रोफेशनल तरीके से रहें। टीम के साथ अच्छा तालमेल रखें।
- ड्रेसिंग सेंस व्यक्तित्व का महत्त्वपूर्ण हिस्सा होता है। ऑफिस के लिए डीसेंट ड्रेस का चयन करें जो आपके व्यक्तित्व को दर्शाए।
- तय करें कि जॉब की जिम्मेदारियां और रोल आपके कॅरियर लक्ष्यों और कौशल से मेल खाते हों।
- प्रोफेशनल ग्रोथ के लिए जानें कि क्या कंपनी ट्रेनिंग प्रोग्राम्स और कॅरियर डवलपमेंट के अवसर प्रदान करती है?
- ऑफिस सहकर्मियों और वरिष्ठों के साथ नेटवर्किंग शुरू करें। इससे आपको काम में आसानी होगी।

## एग्जाम गाइड

**1. भूमिगत कोयला गैसीकरण के लिए भारत की पहली पायलट परियोजना कहां शुरू की गई है?**
(अ) कर्नाटक (ब) झारखंड (स) मध्य प्रदेश (द) हिमाचल प्रदेश

**2. हाल ही कौन भारत का 9वां सबसे बड़ा सी फूड एक्सपोर्टर बना है?**
(अ) यूएइ (ब) जर्मनी (स) कनाडा (द) ऑस्ट्रेलिया

**3. हाल ही चर्चा में रहा 'गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य' किस प्रदेश में स्थित है?**
(अ) गुजरात (ब) उत्तर प्रदेश (स) राजस्थान (द) मध्य प्रदेश

**4. किस देश के तट पर हाल ही मोतियों के लिए प्रसिद्ध चौथी सदी का एक खोया हुआ शहर खोजा गया है?**
(अ) जापान (ब) चीन (स) यूएइ (द) अमरीका

**5. कोटा में वीर भारत सभा की स्थापना किसके द्वारा की गई थी?**
(अ) केसरी सिंह बारहट (ब) जोरावर सिंह बारहट
(स) साधु सीता राम (द) गोकुल लाल असावा

**6. मध्य प्रदेश का चचाई जलप्रपात किस नदी पर बना हुआ है?**
(अ) क्षिप्रा (ब) बेतवा (स) बीहड़ (द) चम्बल

**7. देवराज के बाद गुर्जर-प्रतिहार साम्राज्य के सिंहासन पर कौन बैठा?**
(अ) सोहनराज (ब) वत्सराज (स) नागभट्ट (द) धर्मपाल

**8. इनमें से किस आयुर्वेदाचार्य ने तक्षशिला विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त की थी?**
(अ) सुश्रुत (ब) वाग्भट्ट (स) जीवक (द) कश्यप

**9. दिल का दौरा किस कारण से होता है?**
(अ) हृदय पर जीवाणु का हमला (ब) हृदय पर विषाणु का हमला
(स) हृदय में रक्त की आपूर्ति में कमी (द) इनमें से कोई नहीं

**10. श्रीलंका में रहने वाले पिग्मी को किस नाम से जाना जाता है?**
(अ) रेड इण्डियन (ब) वेद्दा (स) पैपुआ (द) पूनन

**उत्तरमाला** 1.ब 2.अ 3.द 4.स 5.अ 6.स 7.ब 8.स 9.स 10.ब

### नए प्रावधान लागू: पेनल्टी भरो कॉलेज चलाओ, अब आगे नहीं चलेगा

# मापदंड पूरे नहीं किए तो निजी कॉलेज की एनओसी होगी निरस्त

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**चौमूं.** निजी कॉलेजों के मापदण्ड पूरे नहीं करने पर पेनल्टी भर कर अस्थाई अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर कॉलेज संचालन करने की निजी कॉलेज संचालकों की यह नीति अब ज्यादा दिन नहीं चलेगी। इसके लिए आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा ने निजी महाविद्यालय नीति 2021-22 में बदलाव कर नई शिक्षा नीति लागू की है। जो सत्र 2025-26 से लागू होगी। आदेश के तहत प्रदेश में अस्थाई एनओसी प्राप्त करने के बाद लंबे समय से संचालित निजी कॉलेजों को सत्र 2025-26 तक स्थाई प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं करने पर आयुक्तालय ने संबंधित निजी कॉलेजों की एनओसी क्रमिक रूप से निरस्त करने का निर्णय किया है। क्योंकि कई निजी कॉलेज एक बार अस्थाई प्रमाण पत्र लेने के बाद स्थाई एनओसी के लिए मापदंड पूरे नहीं कर रहे है।



**छठे वर्ष से पेनल्टी का प्रावधान:** प्रथम अस्थाई एनओसी प्राप्त करने के बाद पांच वर्ष में स्थाई एनओसी के मापदंड पूरे नहीं करने पर छठे वर्ष से पेनल्टी का प्रावधान है। इसमें प्रति वर्ष 50 हजार रुपए की बढ़ोत्तरी की जाती है। अब वर्ष सत्र 2023-24 एवं 2024-25 तक चलेगा। इसके बाद स्थाई एनओसी के मापदंड पूरे नहीं होने पर जुर्माने की राशि जमा कराने का प्रावधान समाप्त किया है। जुर्माना जमा नहीं होने से अस्थाई एनओसी भी नहीं मिलेगी और कॉलेज का संचालन नहीं हो सकेगा।(निसं)

## प्रति वर्ष जमा करा रहे पेनल्टी

**कई** निजी कॉलेजों को मापदण्ड पूरे नहीं करने के कारण उन्हें स्थाई एनओसी जारी नहीं हो रही है और वह प्रति वर्ष पेनल्टी राशि जमा करवाकर कॉलेज संचालन के लिए अस्थाई अनुमति लेकर काम निकाल रहे है। प्रदेश में वर्तमान में 1895 निजी कॉलेज संचालित हैं। एक अनुमान के मुताबिक करीब बीस प्रतिशत कॉलेज अब भी पेनल्टी जमा करा कर कॉलेज संचालन कर रहे है। इन कॉलेजों में कक्षाकक्ष, खेल मैदान, पुस्तकालय, लैब जैसी मुलभूत सुविधाओं की कमी होने के बाद निजी कॉलेज का संचालन किया जा रहा है।

**उलझन** | **प्रतिनियुक्ति से मूल शिक्षा विभाग में लौटे अधिकारियों का मामला**

# शिक्षा विभाग : प्राचार्य-उपप्रधानाचार्य के नई जगह पदस्थापन के आदेश फिर अटके

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बांसवाड़ा.** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के अधीन एकलव्य रेजिडेंशियल स्कूलों में स्थायी नियुक्तियों पर मूल शिक्षा विभाग भेजे गए स्टाफ का संकट अब तक टला नहीं है। राज्य के विभिन्न स्कूलों से बीकानेर निदेशालय एपीओ किए 17 प्राचार्य- उपाचार्य को अब भी नई जगह पदस्थापन नहीं मिला है। एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूलों की शुरुआत से संभाल रहे 51 प्राचार्यो-उपप्राचार्य एवं व्याख्याताओं को यह परेशानी 1जुलाई से शुरू हुई थी, जब राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली द्वारा सीधे नई भर्तियां कर नेस्ट्स के नियुक्ति पत्रों पर नया स्टाफ लगाया गया। उनके ज्वाइन करते ही मौजूदा को एपीओ कर दिया गया, तो सभी निदेशालय पहुंचे, लेकिन सवा महीने तक किसी को मूल विभाग में पदस्थापन नहीं मिला। इसे लेकर पत्रिका ने 6 अगस्त को समाचार प्रकाशित किया, तो दूसरे ही दिन आदेश जारी होने लगे। इस क्रम में 40 व्याख्याताओं को तो नए स्कूल मिल गए, लेकिन 17 प्राचार्य और उप प्रधानाचार्यो के आदेश अटक गए, तो अब भी वहीं उलझे हुए हैं। खास बात यह भी इस बीच, इनके वेतन संकट पर विभाग ने गौर भी किया, लेकिन ऐसी सुदूर की स्कूलों से भुगतान के आदेश हुए, जहां पहुंचना ही मुश्किल रहा। ऐसे में हाय-तौबा मची हुई है।

## दिव्यांग प्राचार्य, दस माह रिटायरमेंट को और मिल रहे धक्के

पदस्थापन के प्रतीक्षारत विभिन्न जिलों के प्राचार्यों-उप प्रधानाचार्यो में लाठी के सहारे चलने वाले एक दिव्यांग को अब तक राहत नहीं मिली है। इसके अलावा एक प्राचार्य ऐसे भी हैं, जिनके सेवानिवृत्ति को दस माह शेष हैं। 5 जुलाई को निदेशालय में ज्वाइन करने के बाद उनके सैलेरी प्रतापगढ़ जिले से लेने के आदेश हुए हैं, जबकि नए पदस्थापन स्थल का अता-पता अब भी नहीं है। इसके दीगर, संस्कृत शिक्षा विभाग के अधीन एक प्राचार्य तो तीन महीने से वहां धक्के खा रहे हैं। उनकी फाइल मंत्रालय गई होना बताकर टाला जा रहा है।


एकलव्य स्कूलों से निकाले 51 प्रा

**फॉलोअप**

## इनका कहना है...

व्याख्यालाओं की सूचियां जारी कर दी हैं। प्राचार्यो और उप प्रधानाचार्यो के समायोजन में थोड़ा वक्त लग रहा है। जल्द ही इनकी भी नव पदस्थापन सूची जारी कर दी जाएगी। **आशीष मोदी,** निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर

me.next... कॅरियर की उड़ान

आर्थिक सलाहकार परिषद

# केंद्र सरकार ने निकाली भर्तियां, जल्द करें आवेदन

अगर आप नौकरी की तलाश में हैं तो आपका पूरा सपना हो सकता है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद में यंग प्रोफेशनल और कंसल्टेंट (ग्रेड-1) के पदों पर भर्तियां निकाली गई हैं। नियुक्तियां संविदा के आधार पर की जाएंगी। यंग प्रोफेशनल के पद पर हर माह 70 हजार रुपए तथा कंसल्टेंट ग्रेड-1 पर 80 हजार से 1.45 लाख रुपए तक पारिश्रमिक दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए इस वेबसाइट eacpm-niti@gov.in पर जाएं। अभ्यर्थी को आवेदन से साथ योग्यता, अनुभव और आयु से संबंधित प्रमाण-पत्रों की प्रतियां भेजनी होंगी। आवेदन की आखिरी तारीख 15 अगस्त 2024 है।

## अनुभव

**यंग** प्रोफेशनल के लिए कम से कम 1 वर्ष का तथा कंसल्टेंट ग्रेड 1 के लिए 3-8 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। यंग प्रोफेशनल के लिए अभ्यर्थी की आयु 32 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। वहीं, कंसल्टेंट ग्रेड 1 के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष निर्धारित की है। अधिक जानकारी के लिए नीचे दिए क्यूआर कोड को स्कैन करें।

*क्यू आर कोड करें स्कैन*

## शैक्षणिक योग्यता

**मास्टर्स** डिग्री या बीई/बीटेक या मैनेजमेंट में 2 वर्षीय पीजी डिप्लोमा या एमबीबीएस/एलएलबी या सीए/आइसीडब्ल्यूए या 10+2 के बाद 4 वर्ष या अधिक अवधि की अन्य प्रोफेशनल डिग्री हो। एमफिल, एमटेक, एलएलएम, पीएचडी या अतिरिक्त योग्यता या शोध अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।

फाइनेंस सेक्टर में बनाएं कॅरियर

# बैचलर डिग्री से लेकर सर्टिफिकेट कोर्स हैं मौजूद

आजकल फाइनेंस सेक्टर में नए-नए कॅरियर ऑप्शन सामने आ रहे हैं, जैसे बैंकिंग सेक्टर में इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी मैनेजर, तो फाइनेंशियल प्लानिंग से जुड़ी कंपनियों में रिलेशनशिप मैनेजर व म्यूचुअल फंड मैनेजर आदि। इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए डिग्री-डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स भी मार्केट में मौजूद हैं।

## स्कोप

**इन्वेस्टमेंट** एडवाइजरी मैनेजर, रिटेल रिलेशनशिप ऑफिसर, म्यूचुअल फंड मैनेजर, रिलेशनशिप मैनेजर व एसोसिएट ऑडिटर, डेटा एनालिस्ट, मार्केट रिसर्चर, क्लाइंट डवलपमेंट एनालिस्ट, बिजनेस एनालिस्ट व रिसर्च एसोसिएट आदि बन सकते हैं।




## ये हैं कुछ कोर्स

- बैचलर इन कॉमर्स
- मास्टर इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
- मास्टर इन फाइनेंस
- चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्ट
- सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट
- सर्टिफाइड फाइनेंशियल प्लानर
- सर्टिफाइड मैनेजमेंट अकाउंटेंट
- फाइनेंशियल एनालिसिस
- इंटरनेशनल फाइनेंस
- कॉर्पोरेट फाइनेंस
- रिस्क मैनेजमेंट
- इन्वेस्टमेंट बैंकिंग
- डिप्लोमा इन फाइनेंस

पत्रिका

# आनन फानन में खेल कैलेंडर जारी, जोधपुर मण्डल को मिली 4 खेलों की मेजबानी

**जोधपुर @ पत्रिका.** प्रारंभिक शिक्षा विभाग राजस्थान निदेशालय बीकानेर ने आनन-फानन में खेल कैलेण्डर तो जारी कर दिया, लेकिन खेल कैलेण्डर जारी कर केवल खानापूर्ति की गई है। इस खेल कैलेण्डर से प्रारंभिक शिक्षा विभाग के बच्चे व आयोजक शारीरिक शिक्षक असमंजस में है। विद्यालय स्तर तक की प्रतियोगिताएं 16 अगस्त से पहले करवाने के आदेश किए हैं, जबकि वर्तमान में स्वाधीनता दिवस के लिए विद्यालयों में तैयारियां चल रही हैं। ऐसे में प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाना संभव नहीं हैं। इसके साथ ही, 17-18 अगस्त को ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिताएं का कार्यक्रम जारी किया गया है।

## खेल टाइम टेबल

- जिला स्तर पर 20-24 अगस्त प्रथम समूह की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं।
- प्रथम समूह की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 17-23 सितंबर तक ।
- तृतीय समूह की जिला स्तर की प्रतियोगिताएं 27-31 अगस्त तक ।
- राज्य स्तर के प्रतियोगिताएं 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक।
- तृतीय स्तर की जिला स्तर के प्रतियोगिताएं 6-10 सितंबर तक।
- तृतीय स्तर की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 7-13 अक्टूबर तक।

## 4 खेलों की मिली मेजबानी

■ हॉकी छात्र-छात्रा वर्ग- इंटरनेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल, लक्ष्मणपुर धोलासर, लोहावट फलोदी। ■ एथलेटिक्स- श्री सरस्वती बाल वीणा भारती सीनियर सैकेंडरी स्कूल जोधपुर। ■ वॉलीबॉल छात्र-छात्रा वर्ग- तरुण उच्च माध्यमिक विद्यालय पंडितजी की ढाणी, ओसियां जोधपुर ग्रामीण। ■ बास्केटबॉल छात्र-छात्रा वर्ग- फ्यूचर लिंक टेक्नो सैकेंडरी स्कूल बाड़मेर।

प्रतियोगिताओं का आयोजन एक सितंबर से शुरू करवाया जाना चाहिए। खेल कैलेंडर को व्यवहारिक बनाया जाना चाहिए।
**हापूराम चौधरी,** प्रदेशाध्यक्ष, राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ

## जैकेट से जारी....

### रील-पिकनिक...

बारिश के बाद करौली शहर की निचली बस्तियां जलमग्न हो गईं। इससे बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। करीब आधा दर्जन स्थानों पर घर, दीवार आदि क्षतिग्रस्त हो गए। घरों में जलभराव होने से अनेक लोग फंस गए। ऐसे में सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीमों ने कई परिवारों को घरों से निकालकर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया। करौली के प्रमुख पांचना बांध के 6 गेट खोलकर पानी निकासी की जा रही है। हिण्डौनसिटी शहर में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। भरतपुर से आई एसडीआरएफ की टीम में निचले इलाकों में फंसे लोगों को रेस्क्यू किया। जयपुर के कानोता बांध में बहने वालों में से हर्ष नागौरा (21), अजय माहौर (23), हरकेश मीना (24), विवेक माहौर (22) के शव देर रात तक मिल गए। जबकि विनय मीणा के शव की तलाश की जा रही थी।

मार्ग बंद, आवागमन प्रभावित

- सवाईमाधोपुर से चौथकाबरवाड़ा वाया शिवाड़ होते हुए जयपुर का मार्ग - सवाईमाधोपुर शहर में गणेश शाम से त्रिनेत्र गणेश मंदिर जाने वाला मार्ग
- शेरपुर, कुण्डेरा, श्यामपुरा सहित 20 गांवों का संपर्क सवाईमाधोपुर जिला मुख्यालय से कटा
- स्टेट हाईवे 70 कोटा-शिवपुरी मार्ग
- करौली में हिण्डौन-गंगापुरसिटी मार्ग
- जोधपुर में लाकड़थुम्ब राजस्व गांव जाने का मार्ग

### कहीं ...

- **बांसवाड़ा:** नर्सिंग छात्र दौसा निवासी विकास शर्मा की कड़ेलिया झरने में डूबने से मौत हो गई।
- **जोधपुर:** कायलाना झील में डूबने से नागौर निवासी कुशग्र सिंह (17) की मौत।
- **झुंझुनू.:** सधाना में तालाब में नहाने गए तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई।
- **सवाईमाधोपुर:** एक युवक उफनते लटिया नाले के पानी में बह गया।

### जमवारामगढ़...

नोटिस कर दिए विलोपित: यह मामला उप वन संरक्षक कार्यालय पहुंचा तो वहां से आदेश आए और एक ही झटके में कई नोटिस को विलोपित कर दिया गया। हालांकि विलोपित किए गए कुछ होटलों का सर्वे नहीं हुआ था, लेकिन अजबगढ़ एरिया में जो सर्वे इस कार्यालय की ओर से करवाया गया था, वहां कार्रवाई अब तक नहीं की गई।

# भारत सरकार, रेल मंत्रालय
# रेलवे भर्ती बोर्ड

**केन्द्रीकृत रोजगार सूचना संख्या 04/2024**

## सांकेतिक सूचना

**पैरामेडिकल श्रेणियों के विभिन्न पदों की भर्ती**

नीचे दी गई तालिका में पैरामेडिकल श्रेणियों के विभिन्न पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 16.09.2024 है। आवेदन (सभी तरह से पूर्ण) केवल ऑनलाइन ही जमा किया जाना चाहिए।

**आवेदन आरंभ होने की तिथि:** 17.08.2024

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि:** 16.09.2024

| पद का नाम | 7वें सीपीसी के अनुसार पे लेवल | प्रारंभिक वेतन (₹) | चिकित्सा मानक | 01.01.2025 को आयु | कुल रिक्तियां (सभी आरआरबी) |
|---|---|---|---|---|---|
| डाइटिशियन (लेवल 7) | 7 | 44900 | C2 | 18–36 | 05 |
| नर्सिंग अधीक्षक | 7 | 44900 | C1 | 20–43 | 713 |
| ऑडियोलॉजिस्ट और स्पीच थैरेपिस्ट | 6 | 35400 | B1 | 21–33 | 04 |
| क्लिनिकल साइकोलोजिस्ट | 6 | 35400 | B1 | 18–36 | 07 |
| डेंटल हाईजिनिस्ट | 6 | 35400 | C2 | 18–36 | 03 |
| डाईलिसिस टेक्नीशियन | 6 | 35400 | B1 | 20–36 | 20 |
| स्वास्थ्य एवं मलेरिया निरीक्षक ग्रेड III | 6 | 35400 | C1 | 18–36 | 126 |
| लेबोरेटरी अधीक्षक | 6 | 35400 | B1 | 18–36 | 27 |
| परफ्यूसिनिस्ट | 6 | 35400 | B1 | 21–43 | 02 |
| फिजियोथैरेपिस्ट ग्रेड II | 6 | 35400 | C1 | 18–36 | 20 |
| ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट | 6 | 35400 | C1 | 18–36 | 02 |
| कैथ लेबोरेटरी टेक्नीशियन | 6 | 35400 | B1 | 18–36 | 02 |
| फार्मासिस्ट(एंट्री ग्रेड) | 5 | 29200 | C2 | 20–38 | 246 |
| रेडियोग्राफर एक्स–रे टेक्नीशियन | 5 | 29200 | B1 | 19–36 | 64 |
| स्पीच थेरेपिस्ट | 5 | 29200 | B1 | 18–36 | 01 |
| कार्डियक टेक्नीशियन | 4 | 25500 | B1 | 18–36 | 04 |
| ऑप्टोमेट्रिस्ट | 4 | 25500 | B1 | 18–36 | 04 |
| ईसीजी टेक्नीशियन | 4 | 25500 | C1 | 18–36 | 13 |
| लेबोरेटरी सहायक ग्रेड II | 3 | 21700 | B1 | 18–36 | 94 |
| फील्ड वर्कर | 2 | 19900 | C2 | 18–33 | 19 |
| | | | | कुल योग | 1376 |

**इसमें कोविड–19 महामारी के कारण एक बार के रूप में निर्धारित आयु सीमा से परे 3 वर्ष की छूट शामिल है*।**

कृपया विस्तृत जानकारी के लिए आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध सीईएन 04/2024 देखें।

**सीईएन 04/2024 में भाग लेने वाले आरआरबी की वेबसाइटें**

| | | |
|---|---|---|
| अहमदाबाद<br>www.rrbahmedabad.gov.in | चेन्नई<br>www.rrbchennai.gov.in | मुजफ्फरपुर<br>www.rrbmuzaffarpur.gov.in |
| अजमेर<br>www.rrbajmer.gov.in | गोरखपुर<br>www.rrbgkp.gov.in | पटना<br>www.rrbpatna.gov.in |
| बेंगुलुरु<br>www.rrbbnc.gov.in | गुवाहाटी<br>www.rrbguwahati.gov.in | प्रयागराज<br>www.rrbald.gov.in |
| भोपाल<br>www.rrbbhopal.gov.in | जम्मू–श्रीनगर<br>www.rrbjammu.nic.in | रांची<br>www.rrbranchi.gov.in |
| भुबनेश्वर<br>www.rrbbbs.gov.in | कोलकाता<br>www.rrbkolkata.gov.in | सिकंदराबाद<br>www.rrbsecunderabad.gov.in |
| बिलासपुर<br>www.rrbbilaspur.gov.in | मालदा<br>www.rrbmalda.gov.in | सिलीगुड़ी<br>www.rrbsiliguri.gov.in |
| चंडीगढ़<br>www.rrbcdg.gov.in | मुंबई<br>www.rrbmumbai.gov.in | थिरुवानान्थापुरम<br>www.rrbthiruvananthapuram.gov.in |

यह अधिसूचना पूर्णतः सांकेतिक प्रकार का है। उम्मीदवारों को ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत सीईएन 04/2024 की पोस्ट पैरामीटर तालिका और रिक्ति तालिका को देखना आवश्यक है। उपरोक्त भर्ती से संबंधित कोई भी शुद्धि–पत्र समय/परिशिष्ट/महत्वपूर्ण सूचना समय पर केवल आरआरबी की उपरोक्त वेबसाइटों पर जारी की जाएगी।

संख्या: RRB/All/Advt./CEN04/2024(Paramedical)
दिनांक: 12.08.2024

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड

**दलालों, बिचौलियों और नौकरी का झांसा देने वालों से सावधान रहें।**

# लिपिक ग्रेड द्वितीय: 70 फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों ने आजमाया भाग्य

## शहर के 84 केन्द्रों पर हुआ परीक्षा का आयोजन

**नवज्योति जोधपुर/जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से रविवार को लिपिक ग्रेड-।। कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2024 का आयोजन हुआ। भर्ती परीक्षा का आयोजन दो पारियों में (प्रथम पारी- सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे, द्वितीय पारी- दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक) जयपुर शहर के 84 केन्द्रों पर हुआ। जिसमें कुल 23 हजार 907 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। परीक्षा के चलते बस स्टैंडों पर परीक्षार्थियों की भीड़ रही। अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) सुमन पंवार ने बताया कि जयपुर शहर के केन्द्रों पर पहली पारी में 70.42 फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों ने अपनी मेहनत एवं किस्मत को आजमाया। जयपुर में कुल पंजीकृत 23 हजार 907 अभ्यर्थियों में से 16 हजार 837 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। वहीं, 7 हजार 70 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने बताया कि दूसरी पारी में जयपुर शहर के केन्द्रों पर 70.07 फीसदी से अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। दूसरी पारी में 16 हजार 752 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। वहीं, 7 हजार 155 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित पाए गए।

**परीक्षा के चलते बस स्टैंडों पर रही भीड़**

# सहा. सांख्यिकी अधिकारी पदों के लिए आवेदन आज से

**कासं/अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के लिए सहायक सांख्यिकी अधिकारी के 43 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया है। ऑनलाइन आवेदन 12 अगस्त से 10 सितम्बर की रात्रि 12 बजे तक किए जा सकेंगे। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर आयोग की ओर से उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन में स्केलिंग, मॉडरेशन, नॉर्मलाइजेशन पद्धति को अपनाया जा सकेगा। परीक्षा तिथि व स्थान के संबंध में आयोग की ओर से सूचित कर दिया जाएगा।अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एप्लाई ऑनलाइन लिंक पर क्लिक कर अथवा एसएसओ पोर्टल से लॉगिन कर सिटीजन एप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर वन टाइम रजिस्ट्रेशन करना होगा।